तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024



11 कॉलेज में मना विश्व दिव्यांग दिवस





12 28 कराते खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल






## खबर संक्षेप

### रूखमणी को मिली पीएचडी की उपाधि



**खरोरा।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में योग विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक एवं ग्राम घोरभट्टी निवासी रूखमणी साहू भावनात्मक समस्याओं के परिप्रेक्ष्य में श्रीमद्भगवद गीता का विवेचनात्मक अनुशीलन विषय पर पीएचडी की उपाधि मिली है। इन्होंने अपना शोध कार्य शोध निर्देशक डॉक्टर सुनील कुमार मिश्रा सहायक प्राध्यापक योग मैटस विश्वविद्यालय रायपुर के निर्देशन में पूर्ण किया। इनका शोध केंद्र शारीरिक शिक्षा विभाग मैटस विश्वविद्यालय रायपुर रहा है। उन्होंने बताया कि एक ग्रामीण परिवेश से निकलकर डॉक्टोरेट की डिग्री हासिल करना जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि मानती हैं। उन्होंने श्रीमदभगवदगीता विषय में पीएचडी करने की प्रेरणा अपने दादा जागेश्वर प्रसाद साहू से ली।

### अग्निवीर भर्ती के आवेदकों की दक्षता परीक्षा 9 से 11 तक

**बलौदाबाजार।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 से 12 दिसम्बर तक रायगढ़ स्टेडियम में आयोजित किया जा रहा है। बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के आवेदकों के लिए 9 एवं 11 दिसम्बर को आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया है कि विगत माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण हुए अभ्यार्थियों के लिये जिला प्रशासन बलौदाबाजार द्वारा रायगढ़ स्टेडियम तक पहुंचने के लिए निःशुल्क बस सेवा उपलब्ध की गयी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित होने वाले इच्छुक अभ्यार्थी समस्त आवश्यक दस्तावेज के साथ 8 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार में उपस्थित होंगे। बस दोपहर 12 बजे जिला रोजगार कार्यालय बलौदाबाजार से रायगढ़ स्टेडियम के लिये रवाना हो जायेगी।

### बाढ़-बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉकड्रिल आज

**महासमुंद।** जिले में राष्ट्रीय आपदा मोचनबल (एनडीआरएफ) की 20-25 बल एक टीम और राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में बाढ़-बचाव परिदृश्य पर संयुक्त मॉकड्रिल का आयोजन किया गया है। मॉकड्रिल शुक्रवार 6 दिसंबर को शहीद वीरनारायण सिंह कोडार जलाशय में प्रातः 10 बजे से आयोजित है। सभी विभाग प्रमुखों को विभाग के दायित्वों एवं सुविधाओं के साथ मॉकड्रिल में शामिल होने का निर्देशित किया गया है।

# एक साल में जिले में हुए करोड़ों के विकास कार्य : मंत्री टंकराम वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

## प्रेसवार्ता में राजस्व मंत्री ने विष्णु सरकार और केंद्र सरकार की गिनाई उपलब्धियां



विष्णुदेव सरकार के 1 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित पत्रकार वार्ता में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास कार्य पूरे हुए हैं, आगे और विकास कार्य होंगे। मंत्री वर्मा ने आगे कहा कि डबल इंजन की भाजपा सरकार में छत्तीसगढ़ निरंतर विकास कर कीर्तिमान रच रहा है। भारतीय जनता पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जो वादा जनता से किया था उसे पूरा कर रहे हैं। भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी और विष्णु का सुशासन जनता का विश्वास बन गया है। महतारी वंदन योजना से आज हर महिलाओं के चेहरे में मुस्कान है। प्रधानमंत्री आवास योजना से गरीबों के पक्के मकान का सपना पूरा हो रहा है। कृषक उन्नति योजना से किसानों को उनके फसल का उचित दाम मिल रहा है।

पीएससी घोटाले की जांच और पारदर्शिता से भर्ती प्रक्रिया से युवाओं को उनका जायज हक मिल रहा है। नियद नेल्लानार योजना से नक्सल पीड़ित गांव का विकास हो रहा हैं। आज छत्तीसगढ़ में नक्सली और अपराध घटते क्रम में है। भ्रष्टाचार और अवैध कारोबार पर ताला लग रहा है। डबल इंजन भाजपा सरकार में सरकार की हर योजनायें गांव, शहर के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने "मोदी की गारंटी" को धरातल पर उतारते हुए डबल इंजन सरकार के लाभ को हर घर तक पहुंचाने का कार्य किया है। इस दौरान ▶▶ शेष पेज 11 पर

### जनता ने दिया महतारी सेवा का अवसर

उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ एवं बलौदाबाजार विधानसभा क्षेत्र की जनता ने 1 वर्ष पूर्व भाजपा सरकार को भारी जनादेश देकर छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा का अवसर प्रदान किया। इस विश्वास को शिरोधार्य करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने क्षेत्र की प्रगति, उन्नति एवं विकास के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य करते हुए सफल एक वर्ष के लिए मतदाताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

## केंद्र में अव्यवस्था देख जतायी नाराजगी, किसानों ने टोकन नहीं मिलने की परेशानी गिनाई

# महंत ने खरीदी केंद्र में देखे अमानक बोरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



भाटापारा प्रवास के दौरान लिमतरा तिगड्डा में नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत का गुरुवार को विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने स्वागत किया। इस दौरान महंत मुरली शर्मा के निवास में स्थानीय किसानों एवं ग्रामवासियों से मिले, जहां किसानों ने बताया कि मर्राकोना धान खरीदी केंद्र में काफी अनियमितताएं हैं, जिसके लिए महंत मर्राकोना धान खरीदी केंद्र के निरीक्षण के लिए पहुंचे तथा निरीक्षण में पाया कि नए बोरे अमानक है तथा किसानों से सुखत के नाम पर 200 से 300 ग्राम ज्यादा धान तौला जा रहा है। किसानों ने बताया कि टोकन का तरीका भी लगभग फेल हो चुका है। 14 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ तो हुई है, मगर अभी तक बड़े किसानों को एक भी टोकन नहीं मिल पाया है तथा धान खरीदी केंद्रों में किसानों को पीने के लिए पानी की सुविधा भी नहीं है। टोकन नहीं मिल पाने के कारण उन्हें धान की रखवाली करनी पड़ रही है। वहीं धान खरीदी केंद्रों में भी धान बेचने आए किसानों से ही बोरे की ढुलाई तथा तौल ने का कार्य भी कराया जा रहा है। इस पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने बताया कि लगभग पूरे प्रदेश में कमोबेश यही स्थिति है। सभी केंद्रों में किसानों से ज्यादा धान तौला जा रहा है। नए बोरे अमानक हैं।

### बोरों का वजन करने पर अधिक निकली धान

श्री महंत ने पूर्व में तौले जा चुके बोरे जो की स्टेग में लगे थे उनको भी तौल कर देखा तो सभी बोरों में ज्यादा धान पाया गया। इस पर उन्होंने कहा कि किसान अपने खलिहान से एक–एक दाने इकट्ठा कर मंडियों में बेचने लाता है, मगर संग्रहण केंद्रों में ज्यादा धान तौलकर सरकार किसानों के जेब में डाका डालने का काम कर रही है। इस मौके पर विधायक इंद्र साव, घनश्याम तिवारी, विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया, पूर्व सरपंच कुबेर यद्ु, सत्यजीत सेंडे, हितेंद्र यद्ु, तुषार मानिकपुरी, हीरालाल साहू, मुरली शर्मा, जीतू ठाकुर, जीतू महाराज, जग्गा राव, कमलेश साहू, इलू मसीह, श्यामलाल देवांगन, सजल वाणी, बोसु यदु आदि उपस्थित थे।

## 186 किसानों ने बेचा 6400 क्विंटल धान, खरीदी केंद्र में 54 हजार क्विंटल का है लक्ष्य







**कसडोल।** जिले में 14 नवंबर से धान खरीदी सुचारू रूप से जारी है। जिले में इस वर्ष पिछले वर्ष के मुताबिक धान की बम्पर खरीदी हो रही है। जानकारी के अनुसार बीते दिवस तक जिले के 26 हजार 374 पंजीकृत किसानों द्वारा कुल 11 लाख 9 हजार 855 क्विंटल 60 किलोग्राम धान का विक्रय किया गया।

इसके एवज में 20 हजार 162 किसानों को 162 करोड़ 18 लाख रूपये का भुगतान को किया जा चुका है। इस वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के लिए शुरू की गई माइक्रो एटीएम के तहत सोसायटी में ही 10 हजार रुपए तक की राशि ट्रांसफर कर दी जा रही है। आपको बता दें कि गुरुवार को मीडिया की टीम विकासखंड कसडोल के सहकारी समिति पीसीद उपार्जन केंद्र पहुंची, जहां किसानों की धान नियमानुसार तौला जा रहा था। विदित हो कि यहां इस वर्ष 54 हजार क्विंटल धान खरीदने का लक्ष्य समिति में रखा गया है। जहां 1079 किसान पंजीकृत है, जिसमें अभी तक 21 दिनों के भीतर तकरीबन 186 किसानों ने लगभग 6400 क्विंटल धान बेचा है। समिति के प्रबंधक विनोद कैवर्त्य ने बताया कि इस वर्ष माइक्रो एटीएम से 4 किसानों को स्पॉट में भुगतान किया गया है, साथ ही समिति द्वारा किसानों का पूरा ध्यान रखा जा रहा है, कही भी समास्या पर वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में मामले को बताकर समाधान किया जा रहा है।

**सौंजन्य मुलाकात**

# केंद्रीय मंत्री गडकरी से मिले शिवरतन शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

छत्तीसगढ़ के भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने सड़क से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्री के समक्ष रखा। जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला।



- ब्लॉक में बायपास रोड निर्माण के लिए रखा प्रस्ताव

दूरभाष पर चर्चा में शिवरतन शर्मा ने बताया कि बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से शिष्टाचार भेंटकर, उन्होंने भाटापारा क्षेत्र के लिए बायपास मार्ग हेतु मांग पत्र सौंपा, जिसमें भाटापारा बायपास जरौद, सेमरिया, राजाढार, सेंदरी, टेहका, सूरजपुरा, होते हुए सड़क निर्माण कार्य के लिए आग्रह किया। इस पर केंद्रीय मंत्री द्वारा आवश्यक कार्यवाही का आश्वासन मिला। शिवरतन शर्मा ने बताया कि उक्त बायपास निर्माण से भारी वाहनों का शहर के अंदर से आवागमन बंद हो जाएगा, जिससे आमजनों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

शिवरतन शर्मा ने आगे बताया कि मेरे द्वारा पूर्व में की गई मांग पर सहर्ष राष्ट्रीय राजमार्ग में मुंगेली-नांदघाट-भाटापारा-बलौदाबाजार 135 किलोमीटर को शामिल कर बड़ी सौगात देने ▶▶ शेष पेज 11 पर

# बुजुर्ग ने पेड़ पर फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



लवन थाना क्षेत्र अंतर्गत समीपस्थ ग्राम जुड़ा निवासी प्रीतम पिता सोनसाय बंजारे 84 वर्ष 4 दिसंबर की रात घर से बिना बताए निकल गया था। परिजनों द्वारा देर रात तक खोजबीन करते रहे फिर भी कहीं पता नहीं चला। सुबह होने पर रास्ते में आने जाने वाले लोगों ने देखा की जुड़ा बांध पार पर बरगद पेड़ पर कोई व्यक्ति फांसी पर लटका हुआ है। समीप जाकर देखा तो रात में घर से बिना बताए गए प्रीतम बंजारे था। जानकारी मिलने के बाद उनके परिजन थाना पहुंचकर आत्महत्या की रिपोर्ट दर्ज करायी। परिजनों की रिपोर्ट पर लवन थाना से एएसआई मोहित मलिक द्वारा विवेचना में लेकर पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजन को सौंपा गया।

# कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पवनी

बिलाईगढ़ क्षेत्र के धान खरीदी केंद्र पवनी और धनसीर का कलेक्टर धर्मेश साहू ने निरीक्षण किया। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में खरीदी केंद्र प्रभारी से आवक जावक, नमी मापक यंत्र, तौल पर्ची, बारदाना, कुल खरीदी, आकस्मिक बरसात से धान को भीगने से बचाने पॉलिथीन व्यवस्था, बैनर में शिकायत और नोडल अधिकारियों के नंबर डिस्प्ले आदि का जानकारी ली। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्र में उपस्थित किसानों से चर्चा कर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान समिति प्रबंधक को नियम अनुसार धान खरीदी करने और किसानों को राज्य शासन द्वारा दी जा रही 72 घंटे में समिति से धान बिक्री की राशि 10 हजार रुपए की तात्कालिक आहरण का लाभ देने के लिए कहा। इस अवसर पर परियोजना निदेशक हरिशंकर चौहान, डिप्टी कलेक्टर वर्षा बंसल, तहसीलदार कमलेश सिदार सहित विकासखंड के अधिकारी उपस्थित थे।

# नवोदय विद्यालय में मनाया गया विश्व मृदा दिवस





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुडा

जवाहर नवोदय विद्यालय लवन में कलेक्टर दीपक सोनी एवं उपसंचालक कृषि दीपक नायक के मार्गदर्शन में गुरुवार को विश्व मृदा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मृदा से संबंधित मृदा के महत्व, प्रकार, स्तर, संरचना, पोषक तत्वों, प्रदूषण, रासायनिकों खाद का उचित उपयोग, प्रबंधन एवं मृदा स्वास्थ के उपाय, साथ ही केंद्र द्वारा संचालित योजना अंतर्गत 50 कृषकों का मृदा नमूना का परीक्षण कर मृदा स्वास्थ कार्ड वितरण भी किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा कृषकों के खेत से नमूना इकट्ठा कर विद्यालय में स्थापित मिनी सॉयल टेस्ट लेब से रिपोर्ट तैयार की गई।

कार्यक्रम में प्रिंसिपल बी गिरजा, प्रोजेक्ट कॉर्डिनीटर मंदोदरी सेठ टेनीकल मैनेजर नवजीत पटेल, स्टूडेंट एवं समस्त स्टाफ कृषि विभाग विकास खंड बलौदाबाजार से बी प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी, भूपेंद्र टंडन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, रामनारायण यादव ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर, मिथलेश लहरे सहायक टेक्नोलॉजी मैनेजर एवं कृषक गण राजेंद्र साहू, विजय साहू, हरिचंद साहू, किसान संगवारी सुरेन्द्र बघेल, ताराचंद कठोत्रे उपस्थित थे।

# पैरा से बनायी जा रही आकर्षक कलाकृतियां



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डलाधिकारी बलौदाबाजार के निर्देशन एवं बारनवापारा अभ्यारण्य अधीक्षक के मार्गदर्शन में बारनवापारा अभ्यारण्य एवं आस–पास के महिला स्व-सहायता समूहों को रोजगार मूलक प्रशिक्षण के लिए पैरा आर्ट संबंधित प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इसमें सहेली सोशल वेलफेयर फाउन्डेशन द्वारा ग्राम बार, रवान तथा आस–पास के ग्रामों के लगभग 45 महिलाओं को पैरा आर्ट में पैरा को छिलकर अनेक प्रकार की कलाकृति निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया। इससे उन्हें स्वरोजगार प्राप्त होगा और आर्थिक स्थिति में सुधार की दिशा में सार्थक पहल होगा। पैरा आर्ट में एवं अन्य कलाकृति से महिला स्व सहायता समूह एवं ▶▶ शेष पेज 11 पर

- महिलाओं ने पैरा आर्ट में लिया हिस्सा

## कलेक्टर ने तैयारियों का लिया जायजा

# शहीद वीर नारायण शहादत दिवस 8 से 10 दिसंबर तक, तैयारी में जुटा जिला प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत दिवस पर 8 से 10 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर दीपक सोनी गुरुवार को वीरभूमि सोनाखान पहुंचे। उन्होंने कार्यक्रम की तैयारी अंतर्गत हेलीपेड़, मुख्य मंच, पंडाल एवं शहीद स्मारक स्थल सभी तैयारियां समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्थल एवं कलाकारों का चयन, विभागीय स्टॉल लगाने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने बाहर से आने वाले सामाजिकजनों के ठरने एवं भोजन की व्यवस्था के निर्देश दिए। कहा कि स्टॉल में विभागीय योजनाओं के प्रचार–प्रसार के साथ ही लोगों के समस्याओं से संबंधित आवेदन लेकर निराकरण भी करें। उन्होंने सफल कार्यक्रम आयोजन हेतु सामाजिकजनों एवं पंचायत प्रतिनिधियों को बेहतर समन्वय बनाकर प्रशासन का सहयोग करने कहा।

### सीएम विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे

इस वर्ष भी जिले के गौरव के रूप में शहादत दिवस पर बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सोनाखान में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस दौरान डीएफओ मयंक अग्रवाल, सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह, एसडीएम आरआर दुबे, शहीद वीर नारायण सिंह के वंशज राजेंद्र दीवान सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे।


हरिभूमि **पाठक सूचना**

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### जनसमस्या निवारण शिविर में 2 सौ आवेदन निराकृत

**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के मांढर ग्राम पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान विधायक अनुज शर्मा एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूषण लाल साहू, भूषण राव कोटे, अंगेश्वर साहू, ढेला बह साहू, महेश कुम्भकार, संतोषी देवांगन, शिव कुमार साहू, मारूती देवांगन, जीवन लाल साहू, मिलेष तारक, अनुसुईया वर्मा, शलैन्द्री धीवर को आवास की चाबी सौंपी। इसके अलावा किसानों को बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मोहन का आधुनिक कृत्रिम हाथ बनेगा सहारा




**रायपुर।** एक वक्त था जब हाथ कटने के बाद एक हाथ से काम करना आसान नहीं हो पाता था, लेकिन आधुनिक कृत्रिम हाथ लोगों के काम न केवल आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें हाथ कट चुका है, इसका एहसास भी नहीं होता। दुर्ग निवासी मोहन कन्हाई का एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गया था, लेकिन निःशुल्क कृत्रिम फंक्शनबेल हाथ मिलने के बाद वह बहुत खुश है। उसका कहना है कि एक हाथ के कारण रोजगार की चिंता सताती थी, पर ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों हाथ से वह काम कर सकता है, इसलिए रोजगार भी उसे मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ 36 से ज्यादा ग्रिप पैटर्न बनाने में सक्षम है और इसे एंड्राइड और साफ्टवेयर एप से भी संचालित किया जा सकता है। साथ ही, यह कृत्रिम हाथ चार्ज भी किया जाता जाता है। यह कृत्रिम हाथ 35 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं। जिससे उपयोगकर्ता को अपने दैनिक कार्यों में सहूलियत मिलती है। इस तकनीकी डिवाइस को पोलैंड की एक कंपनी ने 13 लाख रुपये की लागत से निर्मित किया है, जो कि एक उन्नत और किफायती विकल्प है।

### सीएम ने विश्व मृदा दिवस दिवस की दी शुभकामनाएं

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 5 दिसम्बर को विश्व मृदा दिवस पर किसानों को बधाई और शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा, विश्व मृदा दिवस एक ऐसा अवसर है जो पृथ्वी पर जीवन को बनाए रखने में मिट्टी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। उर्वर धरती की फसल उत्पादन और कृषकों की समृद्धि में बहुत बड़ा योगदान है। हम सब साथ मिलकर यह सुनिश्चित करें कि हमारी उर्वर धरती आने वाली पीढ़ियों के लिए उपजाऊ और जीवंत बनी रहे।

### नड्डा और गडकरी से मिले चंद्राकर

**रायपुर।** पूर्व मंत्री, विधायक, भाजपा के मुख्य प्रवक्ता अजय चंद्राकर ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से भेंट की। श्री गडकरी से मुलाकात में कुरुद विधानसभा में सड़क कनेक्टिविटी से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही भारतमाला परियोजना के अंतर्गत रायपुर से विशाखापट्टनम राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण में कुरुद में एकरेखन फीडर रूट कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने विभाग को आवश्यक निर्देश प्रदान करने का आग्रह किया। श्री चंद्राकर ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से मुलाकात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी। इस दौरान कुरुद विधानसभा के ग्राम उमरदा में 84.10 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के निर्माण कार्य को शीघ्र प्रारंभ करने के लिए आवश्यक निर्देश देने का अनुरोध किया। साथ ही वर्चुअल कंसल्टेशन और डायग्नोस्टिक लैब की सुविधाएं उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, महासमुंद सांसद रूपकुमारी चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा भी उपस्थित रहे।

# बस्तर में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी, रावघाट से जगदलपुर के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

हरिभूमि सरोकार

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को लेकर दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना में कुल लंबाई 235 किमी को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि पहले चरण में दल्लीराजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन तैयार होनी है।

इस चरण में रेलवे ने दल्लीराजहरा से तारोकी, 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। दूसरे चरण में रावघाट से जगदलपुर, 140 किमी पर कार्य होना है। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, डीपीआर तैयार कर ली गई है।

### धमतरी से कोंडागांव तक रेल लाइन

कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना का यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन से यात्री बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों तक पहुंच सकेंगे।



## गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा

# गर्भवती एवं कुपोषित बच्चों की पौष्टिक थाली से अंडा गायब, 8 माह से फंड जारी नहीं, इसलिए योजना भी बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

महिला एवं बाल विकास अंतर्गत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में गंभीर कुपोषित बच्चों एवं 7 ग्राम से कम हिमोग्लोबिन वाली गर्भवती महिलाओं को दोपहर में भोजन की थाली में पौष्टिक आहार के रूप में खाना के साथ केला और अंडा भी परोसा जा रहा था, लेकिन पिछले 8 माह से थाली से अंडा गायब हो चुका है। विभागीय अधिकारी इसकी वजह फंड जारी नहीं होना बता रहे हैं, जिससे यह योजना अब ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। इधर थाली से अंडा गायब होने से कुपोषित बच्चों एवं कम हिमोग्लोबिन गर्भवती महिलाओं को भी जरूरत के अनुसार पौष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है।

### वर्ष 2019 में शुरू की गई थी मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान

खनिज न्यास निधि के तहत मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान योजना की शुरूआत वर्ष 2019 में की गई थी। इसके तहत प्रदेशभर में आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं को गरम पका हुआ भोजन देन की योजना चलाई जा रही है। इस योजना के तहत कुपोषित बच्चों एवं 6 गाम से कम हिमोग्लोबिन वाली महिलाओं को गरम खाने में रोटी, फोर्टिफाइड चावल, मिक्स दाल, सब्जी, गुड़ के साथ केला या चिकू में एक फल तथा एक उबला अंडा थाली में परोसा जा रहा था।




फाइल फोटो

### एक उबला अंडा में कई पोषक तत्व

एक अंडे में 13 प्रकारण के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इनमें कैलोरी 77 ग्राम, कार्ब्स 0.6 ग्राम, कुल वसा 5.3 ग्राम, सेचुरेटेड वसा 1.6 ग्राम, मोनेसेचुरेटेड वसा 2.0 ग्राम, कोलेस्ट्रॉल 212 ग्राम, प्रोटीन 6.3 ग्राम, विटामिन ए, विटामिन बी2, विटामिन बी12, विटामिन बी5, फोसफोरस 86 ग्राम एवं सेलेनियम 15.4 ग्राम है।

### फंड जारी नहीं किया गया है

फल-अंडा वितरण के लिए डीएमएफ फंड से राशि जारी होती थी। अप्रैल 2024 से इसके लिए फंड जारी नहीं किया गया है, इसलिए आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को गरम भोजन की थाली में अंडा नहीं दिया जा रहा है।

**- निशा मिश्रा,** जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग रायपुर

### हफ्ते में 3 दिन दिया जाता था फल के साथ अंडा

विभागीय अधिकारियों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में कुपोषित बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं को योजना के तहत एक हफ्ते में 3 दिन एक फल के साथ उबला अंडा दिया जाता था। इससे कुपोषित बच्चों में कुपोषण तथा गर्भवती महिलाओं में खून की कमी दूर होती है। अब सिर्फ फल में केला दिया जा रहा है।

### योजना के लिए डीएमएफ फंड से जारी होती थी राशि

विभागीय सूत्रों के अनुसार आंगनबाड़ी केंद्रों में उबला अंडा व फल वितरण के लिए विभाग में अलग से बजट का प्रावधान नहीं किया गया था। इसके लिए डीएमएफ फंड की राशि का उपयोग किया जाता था। अब डीएमएफ फंड से अंडा-फल वितरण के लिए राशि जारी नहीं की जा रही है, जिसके कारण यह योजना भी अब बंद पड़ी है।

### जिले में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं महिलाएं हो चुकी हैं लाभांवित

पौष्टिक थाली में फल व अंडा वितरण से जिले में पिछले दो साल में बड़ी संख्या में कुपोषित बच्चे एवं गर्भवती महिलाएं लाभांवित हो चुकी हैं। रायपुर जिले में 1916 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इनमें कुपोषित बच्चों एवं एनिमिक गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उन्हें भोजन में अंडा और फल वितरण किया गया है। पिछले दो वर्ष में जिले में करीब 22 सौ गर्भवती महिलाओं को भोजन में अंडा-फल वितरण किया गया है। इसी प्रकार तीन हजार से अधिक कुपोषित बच्चों को अंडा-फल आहार में दिए गए हैं।

# मशीन में फंसकर किशोर की मौत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- गोविंद मिनरल्स में मिक्सर मशीन में किशोर के फंसने से हुई थी मौत

धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा स्थित गोविंद मिनरल्स की मिक्सर मशीन में एक आदिवासी किशोर की फंसने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। मृतक की उम्र 16 वर्ष है। बाल श्रमिक कुछ दिन पूर्व ही मुंगेली से मिनरल्स फैक्ट्री में काम करने आया था। कलेक्टोरेट द्वारा जारी बयान के मुताबिक घटना के तत्काल बाद श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन तथा पुलिस की संयुक्त टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक किशोर को सोन सिंग ध्रुवे नामक व्यक्ति फैक्ट्री में काम करने लाया था।

### मशीन चालू करने से हुई मौत

जांच टीम को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गोविंद मिनरल्स में पत्थर से सिलिका रैमिंग मास बनाने का कार्य होता है, जहां बड़े बड़े पत्थरों को क्रशर मशीन द्वारा बारीक पाउडर के बदलने के बाद उसमें केमिकल मिलाने का कार्य मिक्सर मशीन में किया जाता है। 2 दिसंबर तड़के चार बजे इसी मशीन में किशोर कार्य कर रहा था, मशीन में फाल्ट आने पर वह मशीन के भीतर घुस कर सफाई कर रहा था, तभी मिक्सर मशीन का बटन किसी के द्वारा चला दिया गया, जिससे बाल श्रमिक उस मशीन में बुरी तरह फंस गया और उसकी मृत्यु हो गई।

## गोंड समाज का परिचय सम्मेलन 15 दिसंबर को

**रायपुर।** क्षेत्रीय छत्तीसगढ़ गोंड समाज कल्याण समिति द्वारा टिकरापारा स्थित गोंडवाना भवन में 15 दिसंबर को विवाह योग्य युवक-युवती का परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। साथ ही इस सम्मेलन में विधवा, विधुर और तलाकशुदा लोग भी शामिल हो सकते हैं। यह जानकारी समिति के सचिव सेवाराम ध्रुव ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पंजीयन जरुरी है। यह पंजीयन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक गोंडवाना भवन में करा सकते हैं। उन्होंने आगे बताया कि एक प्रति आवेदन पंजीयन सहयोग राशि 400 रुपए जमा करना होगा, आवेदन को पासपोर्ट साइज में दो फोटो के साथ जमा करें और आदर्श विवाह करने के लिए संपर्क कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक समाज के लोग शामिल होंगे।

# सुसाइड नोट मिलने पर भी एफआईआर नहीं महिला आयोग ने एसपी को लिखा पत्र, मांगी रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

आत्महत्या के एक प्रकरण में छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग ने दुर्ग जिले के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर इस मामले से संबंधित पूरी जानकारी मांगी है। इस मामले में आत्महत्या करने वाले व्यक्ति ने सुसाइड नोट लिखा है, जिसमें मृतक द्वारा आत्महत्या के लिए एक महिला को जिम्मेदार बताया गया है। इस सुसाइड नोट के मिलने पर भी पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की है, जिसे आयोग ने गंभीरता से लेते हुए मामले में अब रायपुर में सुनवाई करने का निर्णय लिया है।

आयोग की अध्यक्ष किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने बुधवार को मुंगेली स्थित कलेक्टोरेट सभा कक्ष में महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान एक महिला ने प्रकरण लगाया था, जिसमें उसने आरोप लगाया है कि उसके पति सौरभ सोनी ने 3 सितंबर को आत्महत्या कर ली। इस दौरान पुलिस को सौरभ द्वारा लिखा एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें एक




महिला को आत्महत्या का जिम्मेदार ठहराया है। इस मामले में जीआरपी थाना दुर्ग ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है। इस पर आयोग ने दुर्ग के पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखा है, जिसमें मामले की विस्तृत जानकारी एक माह में आयोग कार्यालय में देने के लिए कहा है।

महिला ने इसके साथ ही महिला के पति पर उसके साथ रेप करने का भी आरोप लगाया है, जिसकी रिपोर्ट मुंगेली थाने में दर्ज कराई है। आत्महत्या के एक अन्य प्रकरण में आयोग ने मुंगेली जिला पुलिस अधीक्षक को पत्र लिखकर मुंगेली थाना से मामले की जांच रिपोर्ट पेश करने के लिए कहा है। आयोग अब दोनों प्रकरणों पर अंतिम सुनवाई रायपुर में करेगा।

# भूपेश को पंकज झा का जवाब- हम वेतन पर पलते हैं, क्योंकि...

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को लिखे पत्र में उनके द्वारा पंकज कुमार झा को वेतनभोगी कहे जाने के मामले में अपनी बात रखी है। उन्होंने कहा है कि हम भारत के (निम्न मध्यवर्गीय) लोग निस्संदेह वेतन पर पलते हैं।

हमारे जैसे करोड़ों लोगों को इसलिए वेतन पर पलना होता है, क्योंकि हम किसी गायकवाड़ या महराज दरभंगा के वंशज नहीं होते हैं। जितना आपके बारे में रिसर्च करना पड़ा है हमें, उसके अनुसार आप भी किसी अकबर या निजाम हैदराबाद की विरासत के उत्तराधिकारी रहे हों, ऐसा नहीं है। पत्र की शुरुआत में उन्होंने श्री बघेल को संबोधित करते हुए लिखा है कि आपको 'जनादेश दिवस' की विलंबित बधाई। आशा है अब आप सानंद होंगे। उम्मीद है अब आपका गुस्सा भी थोड़ा ठंडा हुआ होगा। आपके अहं को ठेस पहुंचाने के लिए मैं जरा भी शर्मिंदा तो नहीं हूं, पर आपको हुई तकलीफ के लिए थोड़ा बुरा महसूस कर रहा हूं। दुःख इस बात का हुआ है कि 'जनादेश दिवस' की पूर्व संध्या पर आपको एक 'वेतन पर पलने वाले' के विरुद्ध प्रेस वार्ता आयोजित करनी पड़ी। सालभर पहले तक अजीमो शान शहंशाह स्वयं को समझ लेने वाले व्यक्ति की अगर यह दुर्गति हो गयी कि उसे मेरे जैसे वेतनभोगी के मुंह लगना पड़ जाय, तो पराजय की बरसी के अवसर पर यह आपके लिए दोगुनी पीड़ा का विषय है। आपके स्वस्थ और सुदीर्घ जीवन की कामना करता हूं। महतारी वंदन की किस्त जारी हो चुकी है।

### भाषा ठीक करने के लिए पत्र लिखा

उन्होंने लिखा है- आपको क्या स्मरण भी नहीं है कि आपने भी 'वजीर ए आला' बनते ही सलाहकार के रूप में आपके शब्दों में ही कहें तो चार-चार 'तनख्वाह पर पलने वाले' इकट्ठा किए थे। वे राजनीतिक बयानबाजी में पारंगत थे। बाहर के प्रदेशों में घूम-घूम कर वे चुनावी राजनीति में भी व्यस्त रहते थे। याद्दाश्त कमजोर हो गयी हो तो स्मरण कराता हूं कि आपके एक सलाहकार महोदय ने मात्र 15 महीने के राजनीतिक जीवन में इतना अनुभव बटोर लिया था कि 15 वर्ष मुख्यमंत्री रहे डा. रमन सिंह जी को पत्र लिखकर उन्होंने भाषा ठीक रखने की नसीहत दे डाली थी।

# स्कूटी सवार को कुचलने वाला कार चालक पुलिस की धौंस दिखाकर हुआ फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

कार चालक के तेज रफ्तार की शौक ने निर्दोष स्कूटी सवार की जान ले ली। उसे कुचलकर कार ने आटो को ठोकर मारकर पलटा दिया। भागने के दौरान गाड़ी बंद होने पर भीड़ ने जब उसे घेरा, तो खुद को पुलिस वाले का भाई बताकर वह फरार हो गया।

मामला मंगलवार को शाम साढ़े चार बजे के आसपास माना व्हीआईपी रोड पर हुआ। प्रत्यक्षदर्शी जैकी बुलचंदानी ने बताया कि वह अपने स्टाफ के साथ डेयरी जा रहा था, इसी दौरान यह घटना हुई। कार ने जिस आटो को ठोकर मारी थी, उसमें जैकी भी सवार था। उसने बताया, कार की गति काफी अधिक थी। पहले उसने आटो को ठोका, जिससे घिसटने के बाद वह पलट गया। आटो में सवार गणेश यादव, चालक विजेन्द्र जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। आटो को बुरी तरह क्षतिग्रस्त करने के बाद भागने की हड़बड़ी में उसने सामने से आ रहे स्कूटी सवार को ठोकर मारकर अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर लगी गंभीर चोट और पेट से गुजरे पहिए की वजह से उसकी घटना स्थल पर मौत हो गई। बताया जाता है, कार चालक इसके बाद भी रुकने के बजाए भागने की कोशिश कर रहा था, तभी उसकी गाड़ी बंद हो गई। भीड़ ने उसे घेरा, तो उसने अपनी आई-20 कार से उतरकर खुद को पुलिस वाले का भाई होना बताया और फरार हो गया।

### आटो को भी चपेट में लिया वीआईपी रोड पर हुआ हादसा







### इलेक्ट्रिशियन था मृतक

जानकारी के अनुसार मृतक सनत यादव फुंडहर चौक का रहने वाला था और इलेक्ट्रिशियन का काम करता था। वह मंदिर हसौद जा रहा था, इसी दौरान कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया। सिर पर गंभीर चोट लगने के बाद जब उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया, तो उसकी मौत हो चुकी थी। आटो में सवार गणेश तथा चालक विजेन्द्र को गंभीर चोट आई थी।

### पुलिस जांच कर रही

जांच के दौरान यह बात सामने आई है कि कार जिसके नाम पर है, उसने उसे बेच दिया है। घटना के वक्त कार कौन चला रहा था, यह अब तक स्पष्ट नहीं हुआ है। पुलिस घटनास्थल के आसपास मौजूद सीसीटीवी की मदद से उसकी पहचान का प्रयास कर रही है।

## रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा की पत्रकार वार्ता

# 22 वार्ड में 22 करोड़ रुपए के विकास कार्य कराए

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने अपने पंचवर्षीय कार्यकाल का एक साल कल पूरा होने पर जनता जनार्दन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार जताया है। उन्होंने दावा किया कि अपनी विधानसभा में उन्होंने एक साल में 22 वार्ड में 22 करोड़ का विकास कार्य कराया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा किया और सभी वर्गों के चेहरे पर खुशियां बिखेरी हैं। श्री मिश्रा ने बताया कि उनकी प्रमुख उपलब्धियों में शामिल है देवेन्द्र नगर-मण्डी गेट-कांपा मार्ग वाल्टेयर रेलवे लाईन पर 3870 लाख की लागत का अंडरब्रिज का निर्माण कार्य, पंडरी-मोवा मार्ग पर प्रस्तावित 1300 लाख का फ्लाई ओवर निर्माण कार्य, शंकर नगर चौक पर लोधीपारा से कचना मार्ग पर टर्निंग प्वाईंट के पास 7200 लाख की लागत का ग्रेड सेपरेटर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य प्रमुख रूप से शामिल है। इन सभी कार्यों की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। विधायक श्री मिश्रा ने भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग के लिए आभार जताया और कहा कि भगवान जगतनाथ के आर्शीवाद से मैंने 1121 लाख की राशि से सभी 22 वार्डों में विकास कार्य कराए, इनमें सीसी रोड़, नाली निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, मंदिरों के जीर्णोद्धार, शासकीय स्कूलों के जीर्णोद्धार एवं उनके आवश्यकता के अनुसार फर्नीचर, कम्प्यूटर, आलमारी एवं अन्य उपकरण की आपूर्ति तथा विभिन्न उद्यानों के सौंदर्यीकरण के मद में विकास कार्य किया गया है।



### अगले चार साल के प्रमुख प्रोजेक्ट

रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा ने आगे कहा कि अगले चार साल उन्होंने बड़े प्रोजेक्टस पर फोकस किया है, इनमें अवंति विहार में दिव्यांग पार्क, पंडरी मार्केट में मल्टीलेवल पार्किंग, कलेक्ट्रेट मल्टीलेवल पार्किंग उपयोग के लिए नई योजना, तेलीबांधा से कचना फाटक तक एक बाई पास सड़क, डब्ल्यूआरएस से मंदिर हसौद, छेरीखेरी तक बाई पास अप्रोच रोड़, कृषि उपज मंडी के पास से नया अंडर ब्रिज योजना निर्माण करने की योजना है।

### 22 वार्डों में 22 करोड़ का विकास कार्य

वीरांगना अवंति बाई वार्ड 66.65 लाख, मोतीलाल नेहरू वार्ड में 35 लाख, कालीमाता वार्ड में 52 लाख, महात्मा गांधी वार्ड में 67 लाख, राजीव गांधी वार्ड में 78 लाख, रमण मंदिर वार्ड में 27 लाख, इंदिरा गांधी वार्ड 36 लाख, शहीद हेमू कालाणी वार्ड में 142 लाख, गुरू गोविंद सिंह वार्ड में 68 लाख, शंकर नगर वार्ड में 102 लाख, नेताजी सुभाष चंद्र बोस वार्ड 148 लाख, शहीद वीरनारायण सिंह में 104 लाख, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में 34 लाख, पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड 140 लाख, हवलदार अब्दुल हमीद वार्ड में 35 लाख, तात्यापारा वार्ड में 10 लाख, मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में 02 लाख, मदर टेरेसा वार्ड में 129 लाख तथा गुरु घासी दास वार्ड में 25 लाख का विकास कार्य करवाने की पहल की है।

# बिजली के दाम में बढ़ोतरी और कटौती जनता पर अत्याचार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही है और ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में एक बार फिर से 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर दी है। इसके पहले भी साय सरकार ने बिजली के दाम में 8 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। अभी तक सरकार ने एक साल में 17.31 प्रतिशत बिजली के दाम बढ़ा दिये हैं। यह जनता पर अत्याचार है।

प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ति है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। पिछले 11 माह से बिजली के बिल दोगुने आ रहे हैं। पिछले माह के बिल में सुरक्षा निधि के नाम पर उपभोक्ताओं से बिल के साथ 30 प्रतिशत अतिरिक्त राशि वसूला गया था। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है।

स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है, कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने 5 वर्षों तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के 44 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था।

## खबर संक्षेप

### राइस मिलर्स का एक दिवसीय धरना जिला मुख्यालय में 9 दिसंबर को

**महासमुंद।** राइस मिल्स एसोसिएशन महासमुंद की जिला इकाई कार्यकारिणी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जब तक शासन से पूर्व वर्षों का संपूर्ण भुगतान प्राप्त नहीं होता जिले का कोई राइस मिलर पंजीयन, अनुबंध या धान उठाव नहीं करेगा। इसी तारतम्य में मिलर्स शासन का ध्यान आकर्षित करने के उद्देश्य जिले के समस्त मिलर्स 9 दिसंबर सोमवार को जिला मुख्यालय में एक दिवसीय धरना देंगे। मिलर्स को इतनी बड़ी राशि देय होने के बावजूद शासन की चुप्पी पर मिलर्स ने चिंता जताई। बैठक में महासमुंद, बागबाहरा, पिथौरा, बसना और सरायपाली के मिलर्स बड़ी संख्या में उपस्थित थे। बैठक में विधायक राजू सिन्हा भी पहुंचे। उन्होंने भी मिलर्स की मांगों के प्रति सहानुभूति प्रकट करते हुए यथासंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

### परसुली में कुराल पंचमी पूजा महोत्सव आज

**नर्रा।** परसुली सर्कल नं 1 के ग्राम परसुली में कुम्हार चक्रधारी समाज द्वारा प्रति वर्ष के भांति इस बार भी 6 दिसंबर शुक्रवार को कुराल पंचमी पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस दिन सुबह भव्य कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी इसके पश्चात चक्रधर भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा, हवन पूजन होगी बाद प्रसादी के रूप में दोपहर में भंडारा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी नांच पार्टी नरतोरी मुनगासेर का कार्यक्रम रखा गया है।

### पचेड़ा में 6 से दो दिवसीय कबीर सत्संग आयोजित

**महासमुंद।** पचेड़ा में 6 व 7 दिसंबर को दो दिवसीय कबीर सत्संग का आयोजन रखा गया है जिसमें सत्संग करने चंद्रकला ग्राम सोनार देवरी जिला बलौदाबाजार होगी। इस सत्संग के माध्यम से अध्यात्म एवं धर्म की शिक्षा को मानव धर्म में उतारने की शिक्षा दिया जायेगा। यह आयोजन कबीर सत्संग समिति एवं आयोजक समिति द्वारा सत्संग प्रेमी संतों से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है उक जानकारी मानिक लाल टंडन ने दी है।

### एमएससी रसायनशास्त्र की प्रायोगिक परीक्षा प्रारंभ

**महासमुंद।** शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय के निर्देशानुसार शिक्षा सत्र 2024 - 25 की महाविद्यालय रसायनशास्त्र विभाग में प्रायोगिक परीक्षा 5 दिसंबर से प्रारंभ हो गई है । सभी प्रायोगिक परीक्षा प्रातः 8 बजे से 4 बजे तक आयोजित हो रही है, जिसके अंतर्गत एमएससी प्रथम सेमेस्टर लैब कोर्स प्रथम अकार्बनिक रसायन 5 दिसंबर को संपन्न हुआ । एमएससी प्रथम सेमेस्टर लैब कोर्स 2 भौतिक रसायन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 7 दिसंबर को आयोजित होगी, एमएससी तृतीय सेमेस्टर लैब कोर्स 5 भौतिक रसायन की प्रायोगिक परीक्षा दिनांक 7 दिसंबर को आयोजित होगी।

# नल कनेक्शन से 24 घंटे पानी की सुविधा, पहले चरण में मोतीबाग पानी टंकी से होगा शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में घर-घर नल कनेक्शन के माध्यम से 24 घंटे पानी की सुविधा मिलना जल्द शुरू हो जाएगी। पहले चरण में मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया क्षेत्र से इसकी शुरुआत की जाएगी। इसके लिए तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर के एमडी अबिनाश मिश्रा ने बुधवार को इस क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान वे क्षेत्र के कई रहवासियों से मिले और उन्हें नल कनेक्शन से 24 घंटे पानी की सुविधा का सही इस्तेमाल करने के साथ व्यर्थ पानी खर्च नहीं करने की अपील की। इसके लिए उन्होंने घर के बाहर नल कनेक्शन के नॉब को उपयोग न होने की स्थिति में बंद रखने की अपील की।

## सुबह व शाम ट्रायल के रूप में पानी की सुविधा दी जाएगी

### दूसरे चरण में 11 वार्डों को जोड़ा जाएगा

दूसरे चरण में गंज कमाण्ड एरिया के 5 और मोती बाग कमांड एरिया के शेष 6 वार्ड को इस योजना से जोड़कर जलापूर्ति की जाएगी। इस तरह प्रथम चरण में मोती बाग से जुड़े चार डीएमए में 24 घंटे और शेष 6 डीएमए में अभी सामान्य जल आपूर्ति होगी।

### टुल्लू पंप लगाने से मीटर का कंट्रोल वाल्व बंद हो जाएगा

जिस घर में फ्लो मीटर लगा है, उस घर के लोगों को टुल्लू पंप नहीं लगाने की सख्त हिदायत दी जा रही है। निगम अधिकारियों के अनुसार फ्लो मीटर लगने के बाद अब टुल्लू पंप लगाया जाता है, तो फ्लो मीटर का कंट्रोल वाल्व ऑटोमेटिक बंद हो जाएगा, जिससे पानी की सप्लाई भी बंद हो जाएगी।




### फ्लो मीटर से जलापूर्ति की निगरानी

इस योजना के तहत घर-घर इलेक्ट्रोमेग्नेटिक फ्लो मीटर लगाए गए हैं, जिससे न केवल प्रवाहित किए जा रहे जलापूर्ति की निगरानी होगी, बल्कि अवैध नल कनेक्शन खींचना या टुल्लू पंप से अधिक पानी खींचना भी संभव नहीं होगा, क्योंकि टुल्लू पंप लगाने से पानी की मात्रा में वृद्धि नहीं होगी एवं घरों पर लगे फ्लो वाल्व से निर्धारित 5 लीटर प्रति मिनट के मान से ही जलापूर्ति होगी।

### फ्लो मीटर से 24 घंटे मिलेगी पानी की सुविधा

स्मार्ट सिटी की योजना के तहत घर-घर 24 घंटे पानी की सुविधा देने की शुरुआत मोतीबाग पानी टंकी से की जा रही है। पहले चरण में 4 वार्डों में पानी की सप्लाई शुरू की जाएगी। इसके लिए आज से 4 दिन तक ट्रायल किया जाएगा।

*- अबिनाश मिश्रा, एमडी, स्मार्ट सिटी लिमिटेड रायपुर*

### पहले चरण में 5 हजार घरों में मिलेगी सुविधा

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा लगभग 159 करोड़ रुपए की लागत से एबीडी एरिया में 24 घंटे जलापूर्ति की तैयारी अंतिम चरण में है। इस योजना के प्रथम चरण की शुरुआत दिसंबर माह के दूसरे सप्ताह के अंत में की जाएगी है। इसके तहत मोतीबाग पानी टंकी के कमांड एरिया के 4 वार्ड ब्राम्हणपारा, कालीबाड़ी, सिविल लाइंस, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड के करीब 5 हजार घरों में 24 घंटे पानी की आपूर्ति शुरू होगी। इसके लिए गुरुवार से चार दिन तक इन चारों वार्ड में सुबह व शाम ट्रायल के रूप में पानी की सुविधा दी जाएगी।

## बदमाशों ने जिले में 25 चोरी की घटना को दिया अंजाम

# घूम-घूमकर चोरी, गैंती गैंग के 11 शातिर गिरफ्तार चोरी का माल खपाने और खरीदने वाले भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- रायपुर, दुर्ग, महासमुंद, अंबिकापुर, राजिम में 50 से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है गैंग

राज्य के रायपुर सहित दुर्ग, महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर में घूम-घूमकर चोरी करने वाला एक नया चोर गिरोह सक्रिय है। क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी करने वाले इस गैंग से जुड़े आठ तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में तीन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी करने के लिए ताला तोड़ने गैंती का उपयोग करते हैं। इसीलिए पुलिस ने इसे गैंती गैंग नाम दिया है। गैंती गैंग का सरगना बिलासपुर का शातिर चोर सृजन शर्मा उर्फ स्वराज है। गैंती गैंग को सृजन शर्मा ऑपरेट कर रहा था।

मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि चोरी के आरोप में बिलासपुर, सरकंडा निवासी सृजन शर्मा, मुंगेली निवासी उमेश उपाध्याय तथा सफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। माल खपाने के आरोप में मुंगेली निवासी हर्ष कुमार बंजारे उर्फ गोविंदा, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, बिलासपुर, कोटा निवासी मेवा लाल कश्यप, तखतपुर निवासी हेमंत कश्यप, बिलासपुर निवासी कमलजीत कश्यप उर्फ जीतू तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में बिलासपुर निवासी जय कुमार सोनी, तखतपुर निवासी राजेश कुमार सोनी तथा रायपुर, बिरगांव निवासी भूषण कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया है। बदमाशों ने जिले के विधानसभा, मंदिर हसौद, मुजगहन तथा तिल्दा नेवरा में 25 चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### 35 लाख से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त

पुलिस के मुताबिक आरोपियों के कब्जे से चोरी के 35 लाख रुपए से ज्यादा कीमत के सोने-चांदी के जेवर जब्त किए गए हैं। जब्त जेवर में 316 ग्राम सोने तथा तीन किलो चांदी, चोरी की दो दोपहिया तथा पांच मोबाइल जब्त किया गया है। चोरी का माल खपाने वालों ने ज्वलर्स को चोरी का माल औने-पौने दाम में बेच दिया था। इनमें से ज्यादातर माल को खपाने वालों ने गलाने के बाद ज्वेलर्स के पास बेचने का काम किया था।



### गिरोह का भंडाफोड़ मिलेगा इनाम

शातिर गैंती गैंग का भंडाफोड़ करने वाली पुलिस टीम को रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने 50 हजार तथा एसएसपी डा. संतोष सिंह ने 20 हजार रुपए इनाम देने की घोषणा की है। गैंग में शामिल बदमाशों द्वारा रायपुर जिले में ही 50 से ज्यादा चोरी की घटना को अंजाम दिए जाने की पुलिस को आशंका है। पूछताछ में गैंग के बदमाशों ने और किन-किन जगहों में चोरी की है, इसका खुलासा होगा।

### सृजन का फूटेज आने पर फूटा गिरोह

पुलिस के अनुसार शहर के आउटर में लगातार हो रही चोरियों को लेकर सीसीटीवी फूटेज एकत्रित कर पड़ताल की जा रही थी। इस दौरान पुलिस को सृजन का महत्वपूर्ण सीसीटीवी फूटेज मिला। पतासाजी करने पर सृजन के बिलासपुर का शातिर चोर होने की जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने सृजन के दो अन्य सहयोगियों के बारे में जानकारी एकत्रित कर उनके लोकेशन ट्रेस कर गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

### फाइनेंस कंपनी को नोटिस

पुलिस के मुताबिक चोरी के आरोपी ज्वेलर्स के पास चोरी के जेवर बेचने के साथ अलग-अलग फाइनेंस कंपनी में जेवर गिरवी रख कर पैसे लिए हैं। पुलिस ऐसी फाइनेंस कंपनियों को बगैर किसी बिल के जेवर गिरवी रखने के आरोप में नोटिस देने की बात कह रही है।

### मकान किराए पर लेकर करते थे रैकी

पुलिस के अनुसार शातिर किसी शहर में चोरी करने जाते थे, वहां महफूज ठिकाना तलाश करने किराए पर मकान लेकर फेरी लगाने का काम करने के साथ अन्य छोटा-मोटा व्यवसाय कर रैकी करते थे। पुलिस के अनुसार गैंग के बदमाश किसी भी जगह चोरी करने जाते थे, वहां पूरी तरह से सावधानी बरतते थे। चोर गिरोह को मॉनिटरिंग करने का काम सृजन शर्मा करता था। सृजन तय करता था, कब किस इलाके में चोरी करना है।

# कार्रवाई के बाद भी बेलगाम चाकूबाज, नशे की हालत में की तीन जगह चाकूबाजी

- बदमाशों ने पंडरी बसस्टैंड, फाफाडीह तथा मोवा शराब दुकान के पास की चाकूबाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बदमाशों के खिलाफ पुलिस लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई कर रही है, एसएसपी ने विशेष तौर पर चाकूबाजी करने वाले बदमाशों पर नकेल कसने के निर्देश दिए हैं, बावजूद इसके वे पुलिस की सख्ती को धता बताते हुए अपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को चार बदमाशों ने देवेंद्र नगर तथा पंडरी थाना क्षेत्र की तीन शराब दुकानों में चार लोगों पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। बताया जा रहा है, बदमाशों ने जिन लोगों पर चाकू से हमला किया, उनसे बदमाशों ने लूटपाट भी की है। घटना के बाद देवेंद्र नगर तथा पंडरी पुलिस ने अभियान चलाकर चारों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक चाकूबाजी करने के आरोप में जय बेहरा, वंश पाठक, सागर दास मानिकपुरी तथा करण सागर को पकड़ा गया है।

### शराब पीने पैसे वसूलने जानबूझकर उलझ रहे थे

जानकारी के मुताबिक बदमाश पहले से शराब के नशे में टुन्न थे। शराब पीने और पैसों की व्यवस्था करने बदमाशों ने अपने साथ चाकू लेकर पंडरी, फाफाडीह तथा मोवा शराब दुकान में शराब कर्मियों से पहले शराब की मांग की। दुकान कर्मियों द्वारा शराब नहीं देने पर बदमाश शराब खरीदने गए लोगों के साथ जानबूझकर उलझने लगे और जो लोग बदमाशों से उलझे, उनके साथ मारपीट कर उन पर चाकू से हमला कर जेब में रखे पैसे लूटकर मौके से फरार हो जाते थे।

पुलिस के अनुसार घटना के समय बदमाश नशे में धुत्त थे और शराब दुकान जाकर लोगों के साथ जबरन उलझने के साथ उनके साथ मारपीट कर चाकू से हमला कर मौके से फरार हो जाते थे। पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने बदमाशों की पतासाजी की और दूसरे दिन बुधवार को चारों बदमाशों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की।

# साढ़े 5 लाख किसानों ने अब तक बेचा 26 लाख मीट्रिक टन धान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में प्रदेश के किसानों से सुगमता पूर्वक धान की खरीदी की जा रही है। छत्तीसगढ़ में 14 नवम्बर से शुरू हुई धान खरीदी का सिलसिला अनवरत रूप से जारी है। राज्य में 14 नवम्बर से अब तक 26.04 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हो चुकी है। राज्य में अब तक 5.49 लाख किसानों ने अपना धान बेचा है। धान खरीदी के एवज में इन किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 5994 करोड़ 82 लाख रुपए का भुगतान किया गया है। धान खरीदी का यह अभियान 31 जनवरी 2025 तक चलेग। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने आज यहां बताया कि इस खरीफ वर्ष के लिए 27.68 लाख किसानों द्वारा पंजीयन कराया गया है। इसमें 1.45 लाख नए किसान शामिल है। इस वर्ष 2739 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 160 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी अनुमानित है। खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 4 दिसम्बर को 58468 किसानों से 2.67 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई है। इसके लिए 66453 टोकन जारी किए गए थे। आगामी दिवस के लिए 44349 टोकन जारी किए गए हैं। राज्य सरकार धान उपार्जन केन्द्रों में शिकायत एवं निवारण के लिये हेल्प लाइन नंबर जारी किए है, जिसका नं. 0771-2425463 है। धान बेचने वाले कोई भी किसान इस हेल्पलाईन नम्बर पर फोन कर अपनी समस्याओं का समाधान कर सकते हैं।



# सिम स्वैपिंग कर ठगी, जालसाजी की रकम यूएसडीटी से भेजने वाले तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

सिम स्वैपिंग कर ऑनलाइन ठगी करने के नए पैटर्न में रेंज साइबर पुलिस ने बिलासपुर के एक और जालसाज को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम को यूएसडीटी के माध्यम से अन्य जालसाजों को भेजने के आरोप में गरियाबंद के जालसाज सहित एक अन्य जालसाज को रेंज साइबर पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने रश्मि से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश, बिहार, चेन्नई, कोलकाता के आधा दर्जन जालसाजों के साथ पंजाब, लुधियाना निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अलग-अलग खातों में जमा ठगी की पूरी रकम होल्ड करा ली गई है। इसी तरह से रेंज साइबर पुलिस ने सिम स्वैपिंग कर साढ़े छह लाख रुपए से ज्यादा की ठगी करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार दो आरोपियों की निशानदेही पर कमल किशोर नेताम को गिरफ्तार किया है। शेयर ठगी के माध्यम से प्राप्त रकम को यूएसडीटी के माध्यम से किसी दूसरे के अकाउंट में ट्रांसफर करने के आरोप में पुलिस ने गरियाबंद निवासी अरुण सिन्हा को गिरफ्तार किया है।



### सिम स्वैपिंग कर ऐसे की जाती है ठगी

सिम स्वैप का सीधा मतलब सिम कार्ड को बदल देना या उसी नंबर से दूसरा सिम निकलवा लेना है। सिम स्वैपिंग में आपके मोबाइल नंबर से एक नए सिम का रजिस्ट्रेशन किया जाता है। इसके बाद आपका सिम कार्ड बंद हो जाता है और आपके मोबाइल से नेटवर्क गायब हो जाता है। ऐसे में ठग के पास आपके मोबाइल नंबर से सिम चालू हो जाता है और इसी का फायदा उठाकर वह आपके नंबर पर ओटीपी मंगाता है और फिर आपके खाते से पैसे उड़ा लेता है।

# कॉलेज में मना विश्व दिव्यांग दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



शासकीय मिनीमता कन्या महाविद्यालय में 2 एवं 3 दिसम्बर को विश्व विकलांगता दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम दिव्यांग व्यक्तियों के संघर्षों और उपलब्धियों को सम्मानित करने के साथ–साथ उनके प्रति समाज में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। इस अवसर पर क्विज व भाषण प्रतियोगिता हुई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 5 हजार, द्वितीय 3 हजार तथा तृतीय 2 हजार व भाषण में प्रथम पुरस्कार 2 हजार, द्वितीय 1 हजार तथा तृतीय पुरस्कार 500 रूपए रखा गया था। इस दौरान आनंद हास्पिटल द्वारा दो दिवसीय हेल्थ कैम्प का आयोजन किया गया, जिसमें सभी छात्राओं का मुफ्त में हेल्थ जांच किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आनंद बहादुर, विशिष्ट अतिथि शासकीय दाऊ कल्याण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. एआरसी जैम्स, सहायक प्राध्यापक डॉ. कल्पना उपाध्याय, डॉ. सुनीता त्यागी सहित छात्र– छात्राएं उपस्थित थीं।




## पेज 9 के शेष

### एक साल में...

वरिष्ठ भाजपा नेता विजय केशरवानी, पूर्व नपा अध्यक्ष अशोक जैन, जिला मीडिया प्रभारी, भाजपा रितेश श्रीवास्तव, कार्यालय प्रभारी राजेश वर्मा, संजय श्रीवास सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं पत्रकार साथी उपस्थित थे।

**देश में 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन खाता खोला गया:** स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आज मुझे बताते हुए गर्व होता है जब 2014 में नरेन्द्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने तब आजादी के 65 वर्षों के बाद भी इस देश के 14 हजार से ज्यादा गांवों में बिजली नहीं पहुंची थी, उन घरों में बिजली पहुंचायी गई। 45 करोड़ से ज्यादा गरीबों का जनधन का खाता खोलने का काम पहली बार मोदी ने प्रधानमंत्री बनने के बाद किया।

### केंद्रीय मंत्री गडकरी...

के लिए भाटापारा एवं बलौदाबाजार वासियों की ओर से नितिन गडकरी का आभार ज्ञापित किया गया। विदित हो की चार दिवसीय दिल्ली प्रवास के दौरान शिवरतन शर्मा ने सड़क, स्वास्थ्य, रेल, शिक्षा, श्रम और रोजगार से जुड़े महत्वपूर्ण प्रस्तावों को केंद्रीय मंत्रियों के समक्ष रखा। जिन पर सकारात्मक चर्चा हुई और आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन मिला। इन सभी मुलाकातों से यह स्पष्ट हुआ कि केंद्रीय मंत्रियों से की गई सार्थक चर्चा और उठाए गए मुद्दे भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। शिवरतन शर्मा की यह पहल क्षेत्र के लिए विकास की नई दिशा तय करेगी। उक्त अवसर पर सांसद सरगुजा चिंतामणि महाराज, वरिष्ठ भाजपा नेता, विधायक कुरूद अजय चंद्राकर उपस्थित थे।

### पैरा से बनायी ...

बालिकाओं व ग्रामीणों द्वारा कम लागत में अधिक लाभ प्राप्त होगा तथा तैयार किये गये सामग्रियों को बारनवापारा अभ्यारण्य में स्थित सॉवेनियर शॉपों में विक्रय हेतु रखा जावेगा तथा प्राप्त राशियों को संबंधित महिला स्व-सहयाता समूहों में वितरण किया जावेगा।

# नगरीय निकायों में 15 हजार नए आवास स्वीकृत, सभी शहर शामिल

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए 15 हजार नए आवास स्वीकृत किए गए हैं।

केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 15 हजार नए आवासों की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने नए आवासों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री ने शहरों के लिए 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति पर केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा, राज्य में जल्दी ही हर गरीब के पक्के मकान का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवासों का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करेगी। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने नए आवासों की स्वीकृति पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, छत्तीसगढ़ सरकार हर पात्र परिवार को आवास दिलाने प्रतिबद्ध है। उन्होंने सभी नगरीय निकायों को ज्यादा से ज्यादा हितग्राहियों तक योजना का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिए हैं। श्री साव ने वर्तमान में चल रहे हितग्राही सर्वेक्षण के दौरान अनिवार्य दस्तावेजों की कमी के कारण आवेदनों को तत्काल निरस्त नहीं करने के निर्देश दिए हैं।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

# जिस दिन भगवान पर विश्वास होगा, उस दिन भूत के अंदर भी भगवान दिखेगा

## शिवरीनारायण मठ महोत्सव में रामचरिमानस की कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

जिस दिन भगवान पर विश्वास हो जाएगा, उस दिन भूत के अंदर भी आपको भगवान ही दिखाई देगा। उक्त बातें अवधपुरी धाम से पधारे रत्नेश प्रपन्नाचार्य ने रामचरितमानस की कथा का रसपान कराते हुए शिवरीनारायण मठ महोत्सव में व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पानी गिरने के बाद धूल दिखाई नहीं देता, वैसे ही जिस दिन जीवन में धर्म आ जाएगा काम और क्रोध दिखाई नहीं देंगे।हमें जीवन में प्रत्येक दिन एक-एक सद्गुण को ग्रहण करना चाहिए और एक-एक दुर्गुणों का परित्याग करना चाहिए। श्रीराम कथा का रसपान करने पूर्व शिक्षा मंत्री सत्यनारायण शर्मा, पूर्व नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, पूर्व विधायक बोधराम कंवर, शैलेश नितिन त्रिवेदी, सुरेश शुक्ला, महेंद्र अग्रवाल, अजय तिवारी, देवाशीष मुखर्जी, महेश गुप्ता, पुरुषोत्तम शर्मा, राघवेंद्र प्रताप सिंह, हरप्रसाद साहू, नवल सिंह, अजय दिब्य, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव गिरधारी यादव, हरीश राठौर सहित अनेक गणमान्य नागरिकगण सम्मिलित हुए। शुक्रवार शाम 4 बजे शिवरीनारायण मठ से भगवान की झांकी के साथ बारातीगण शोभायात्रा निकाल कर नगर भ्रमण किया जावेगा।



### किसी भी पुरुष के लिए नौ दिनों का अनुष्ठान नहीं होता

सनातन धर्म मातृ सत्तात्मक है, हम नौ दिनों तक दुर्गाजी की उपासना करते हैं। किसी पुरुष के लिए नौ दिनों का अनुष्ठान नहीं है। प्रत्येक स्त्री के नाम के सामने देवी शब्द का प्रयोग होता है, किसी पुरुष के नाम के आगे देव या देवता नहीं लगाया जाता। हमारे जीवन में स्थिरता तभी आएगी जब हम आवागमन से मुक्त होंगे और आवागमन से मुक्ति तभी मिलेगी जब हम उस परमात्मा तक पहुंच जाएंगे।

## खबर संक्षेप



### श्रद्धांजलि सभा में शामिल हुए जनप्रतिनिधि

**पवनी।** ग्राम धनसीर निवासी भाजपा मण्डल बिलाईगढ़ एवं संरक्षक तहसील साहू संघ स्व. धनेशकुमार साहू के निधन पर शोकसभा का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, डॉ. सनम जांगड़े, डॉ. दिनेश कुमार जांगड़े, रामनारायण देवांगन, सियाराम कहार, द्वारिका साहू, सुकदेव साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि शामिल हुए, जिन्होंने स्व. धनेशकुमार साहू के छायाचित्र पर श्रीफल, पुष्पमाला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### कत्ता और डंडे से वार कर किया घायल

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम खोकसा में एक युवक को मुर्गा काटने वाले कत्ता और डंडे से वार कर घायल करने के मामले में थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। प्रार्थी सहनु दीवान पिता संतराम दीवान (24 साल) निवासी ग्राम खोकसा ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया है कि 3 दिसंबर 2024 को वह किराना दुकान में बैठ के अपने दोस्त गीतु चौहान का फोन चला रहा था। तब पीछे से दीप यादव आया और सहनु के सिर को हाथ से दो बार मारा तब सहनु उसको पूछा कि क्यों मार रहा है, तब तो उसने गाली गलौज शुरू की और अपने फोन से किसी को फोन लगा के आज एक का मर्डर करना है बोलते हुए अपने घर अंदर गया और वहां से मुर्गा काटने वाला कत्ता लेके अपने घर के दरवाजा के पास खडा हो गया जैसे ही सहनु अपने घर जाने के लिए निकला और उसके घर के पास पहुंचा आरोपी ने सहनु के बांए पैर में कत्ता से मार दिया, इसके बाद वहीं पास में पड़े डंडे को उठाकर सहनु के सिर में मारा। पुलिस ने मामले की शिकायत के बाद आरोपी दीप यादव के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया गया है।

### गाली-गलौज और मारपीट के मामले में काउंटर केस दर्ज

**महासमुंद।** बसना थाना क्षेत्र के ग्राम बिछिया में गाली गलौज और मारपीट के मामले में पुलिस ने काउंटर मामला दर्ज किया है। ग्राम बिछिया निवासी उमेश कुमार प्रधान ने पुलिस को बताया कि उनके गांव का गोस्वामी प्रधान गांव के सार्वजनिक जगह में अश्लील स्लोगन कई बार लिख चुका है, इस संबंध में गांव में मीटिंग किया गया था, मीटिंग में उस समय के एसडीएम बसना व तहसीलदार बसना भी शामिल हुए थे, जिसमें ग्रामीणों के समक्ष एसडीएम व तहसीलदार ने पंचनामा तैयार किया था तथा गोस्वामी प्रधान को इस तरह का अश्लील स्लोगन लिखने के लिए मना कर समझाईश दिया गया था। प्रार्थी ने बताया कि वह, उसका भाई रूपेश प्रधान और चाचा गौरचंद प्रधान 4 दिसंबर को अपनी बाडी में काम कर रहे थे। दोपहर करीब 12:30 बजे गोस्वामी प्रधान अपनी ट्रैक्टर में आया और अश्लील गाली गलौज कर था, जिसे सुनकर आरोपी को मना किया गया तो वह रूक गया और ट्रैक्टर को बीच रास्ते में खड़ा कर दिया। तब तक उसका भाई गोपाल प्रधान और गोपाल का लड़का तोसेस प्रधान आ गए और तीनों ने एक राय होकर गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी दी। इधर गोस्वामी प्रधान ने पुलिस को बताया कि 04 दिसंबर 2024 को वह अपने गांव बिछियां से ट्रैक्टर मंल ईंट लादकर बसना जाने के लिए निकला था।

## आयोजन : विधायक से मुलाकात में मैदान की रखी मांग

# 28 कराते खिलाड़ियों ने जीता गोल्ड, सिल्वर व ब्रांज मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



उत्तरप्रदेश के वाराणसी में बीते 30 नंबर को हुए नेशनल कराटे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ के कराटे खिलाड़ियों ने पार्टिसिपेट किया। इस नेशनल कराटे चैंपियनशिप में 8 राज्यों के लगभग 600 कराटे खिलाड़ियों ने भाग लिया। स्पोर्ट्स कराटे डु फेडरेशन छत्तीसगढ़ के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य के बलौदाबाजार जिले के विभिन्न गांवों से 30 कराटे खिलाड़ियों ने वाराणसी में हुए नेशनल कराटे चैंपियनशिप में पार्टिसिपेट किया। नेशनल कराटे चैंपियनशिप में उत्तरप्रदेश के खिलाड़ियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 8 राज्यों में छत्तीसगढ़ के खिलाड़ी दूसरे स्थान पर रहे। साथ ही तीसरे स्थान पर असम के खिलाड़ी रहे। छत्तीसगढ़ के 30 खिलाड़ियों में से 28 खिलाड़ियों ने मेडल जीता। इसमें 9 खिलाड़ियों ने गोल्ड मेडल, 11 खिलाड़ियों ने सिल्वर मेडल और 8 खिलाड़ियों ने ब्रांज मेडल जीतकर छत्तीसगढ़ के परचम एक बार फिर पूरे देश में फहराया है। जीत के बाद खिलाड़ियों के कोच धनीराम निराला ब्लैक बेल्ट अपने खिलाड़ियों के साथ कसडोल विधायक संदीप साहू से मुलाकात और आशीर्वाद लेने विधायक कार्यालय पहुंचे, जहां विधायक संदीप साहू ने पूरे खिलाड़ियों को 8 राज्यों में दूसरे स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। साथ ही कराटे खिलाड़ियों की कुछ मांगों को लेकर कलेक्टर से मुलाकात करने की बात भी कही।



# सिख संगठन मानव सेवा और उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



- एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के अंतर्गत राजभवन में किया गया सम्मान

राज्य स्थापना दिवस समारोह राज्यपाल रमेन डेका की उपस्थिति में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान के अंतर्गत आज राजभवन में छत्तीसगढ़ सिख संगठन को उनके मानव सेवा, उत्कृष्ट कार्य करने के लिए सम्मानित किया गया। संगठन द्वारा भाटापारा में समाज सेवी अरुण छाबड़ा बंटी द्वारा निःशुल्क स्वर्ग रथ की सेवा विगत 8 वर्षों दी जाती रही है एवं रायपुर संगठन द्वारा मेडिकल कैंप, दवाई का लंगर, शिक्षा का लंगर दिया जा रहा है। पूर्व में कई संगठन द्वारा सम्मानित किये जा चुके हैं। कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश अध्यक्ष दलजीत चावला, संस्थापक हरपाल सिंह भामरा, संयोजक अरुण छाबड़ा, प्रदेश उपाध्यक्ष गुरमीत सिंह टोनी, जिला अध्यक्ष मोनु सलूजा, गुरवेज सिंह, यशवंत सिंह, डॉ. नरेंद्र चावला, पूरन सिंह अरोरा, मनमीत सिंह, जगीर सिंह, गोल्डी खनूजा, जयसुन सिंह, निर्मल सिंह, रिंकू सैनी, बलजीत सिंह चावला, महिला विंग्स की अध्यक्षा स्वेता अरोरा, उपाध्यक्ष सिम्मी चावला, महासचिव रोमी सलूजा, गगन चावला, रूबी गांधी, गगनप्रीत, गुरजीत कौर, गुरदीप कौर, रुपिंदर कौर आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ का स्थापना दिवस समारोह मनाया गया। समारोह में सभी राज्यों के लोक नृत्यों की प्रस्तुति दी गई।

## न्यायाधीश सविता सिंह को स्थानांतरण पर दी विदाई



**भटगांव।** अभिभाषक संघ भटगांव के अधिवक्ताओं ने व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-2 सविता सिंह ठाकुर का जिला सत्र न्यायालय बिलासपुर में स्थानांतरण हो जाने से व्यवहार न्यायालय भटगांव के अधिवक्ताओं एवं न्यायालयीन स्टाप द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायालय के अधिवक्ताओं ने न्यायाधीश के 8 माह के दौरान न्यायालयीन कार्य में सरल, सहज व सुलभ न्यायदान की कानूनी प्रक्रिया पर अपने-अपने अनुभव व्यक्त किये। विदाई कार्यक्रम में अभिभाषक संघ द्वारा न्याय के क्षेत्र में उतरोत्तर वृद्धि की कॉमना करते हुए शाल व श्रीफल भेंट किया। न्यायालय के कर्मचारियों ने भी अपने यादें व्यक्त करते हुए स्मति चिन्ह भेंट किए। इस अवसर पर अभिभाषक संघ भटगांव के सभी अधिवक्तागण एवं न्यायालय के कर्मचारी अधिकारी उपस्थित थे।

# शिक्षक फेडरेशन ने की डीईओ से मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

छत्तीसगढ़ नियमित सर्व शिक्षक फेडरेशन द्वारा गुरूवार को जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ के नवनियुक्त जिला शिक्षा अधिकारी विभावरी सिंह ठाकुर से सौंजन्य मुलाकात की। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष सेत कुमार साहू ने बताया जिला शिक्षा अधिकारी ने नव नियुक्त शिक्षक साथियों के कार्य की सराहना की एवं आगे भी इसी ऊर्जा के साथ कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान नव नियुक्त शिक्षकों के नियमितीकरण के विषय पर चर्चा की गई, जिसमें उनके द्वारा इस कार्य को सर्व प्राथमिकता देने की बात कही। इस अवसर पर फेडरेशन के सदस्यों में सर्व शिक्षक फेडरेशन छत्तीसगढ़ के जिला अध्यक्ष सेत कुमार साहू, विकासखंड बिलाईगढ़ के ब्लॉक अध्यक्ष भेशज कुमार पटेल, मीडिया प्रभारी शोभाराम चौधरी एवं शिव पटेल तथा अन्य सदस्य कृष्णा कुमार मालाकार, चंद्र किरण सिदा तथा अन्य साथी उपस्थित थे।

# नगर में आठ दिसंबर को होगा गृहे-गृहे यज्ञ

**पवनी।** नगर पंचायत पवनी में 8 दिसंबर रविवार को गुरुदेव श्रीराम शर्मा के सूक्ष्म संरक्षण में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ का आयोजन रखा गया है। इसमें युवा मण्डल, महिला मण्डल के सदस्यों व वरिष्ठ परिजनों के अथक प्रयास से नगर के 151 घर में एक साथ एक समय में 151 प्रज्ञा पुरोहितों द्वारा सुबह 9 बजे से गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जावेगा। मुख्य प्रबंधक मनोहर लाल साहू एवं राम बालक प्रसाद ने बताया कि कार्यक्रम को सफल बनाने जिले के कोने-कोने से सक्रिय एवं कर्मनिष्ठ परिजनों, पुरोहितों, कार्यकर्ताओं को बुलाया गया है, जिनके द्वारा यज्ञ सम्पन्न कराया जायेगा।

कार्यक्रम में भटगांव, सरसींवा, बिलाईगढ़, धारासीव, धोबनी, पवनी, छिर्रा, देवरहा, धनसिर, बरमकेला, सारंगढ़, कोसीर, सरिया इत्यादि क्षेत्र सहित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के साथ जांजगीर-चाम्पा व बलौदाबाजार जिले के गायत्री परिजन सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहेंगे।

### व्याख्याताओं का तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण प्रारंभ

**महासमुंद।** डाइट में महासमुंद में आज से तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं का प्रारंभ हुआ। मास्टर ट्रेनर लोमन चंद्राकर और नंदकुमार चौधरी ने विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया यह प्रशिक्षण का दूसरा चरण है पहले चरण में ऑनलाइन प्रशिक्षण हुआ जो कि 20 नवंबर से 23 नवंबर तक आयोजित था दूसरा चरण 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण को डाइट के व्याख्याता टेकराम सेन, सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान, व्याख्याता किरण कन्नौजे ने संबोधित किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक ईश्वर चंद्राकर ने किया।

# स्वरोजगार के लिए संयंत्र ने 15 गांवों के ग्रामीणों को बांटा हाथ ठेला




हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

अल्ट्राटेक रावन सीएसआर द्वारा जरूरतमन्द परिवारों को आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने यूनिट हेड राजेश शंकर के नेतृत्व में हाथ ठेला प्रदत्त किया गया। सीएसआर सेन्टर में आयोजित हाथ ठेला वितरण समारोह में निकटवर्ती 15 गांवों के चयनित परिवार संबंधित पंचायत पदाधिकारी तथा अल्ट्राटेक प्रबंधन से एचआर प्रमुख करण मिस्त्री उपस्थित थे। उन्होंने समस्त कार्यक्रम प्रतिभागियों एवं हाथ ठेला हितग्राही परिवारों को भविष्य में सदैव अग्रसर होने की शुभकामनाएं प्रदान करते हुये कहा कि प्रदत्त हाथ ठेला आर्थिक आत्मनिर्भरता बढ़ाने हेतु सहयोगी साबित होगा। हाथ ठेला लाभान्वित परिवारों ने अल्ट्राटेक प्रबंधन को निःशुल्क हाथ ठेला प्रदान करने तथा मनोबल बढ़ाने आभार जताया। 25 हाथ ठेला प्राप्त करने वाले परिवार ग्राम रावन, झीपन, पेण्ड्री, तिल्दाबांधा, फुलवारी, अवरासी, छीराही, चुचरूंगपुर, सरसेनी, गुमा, पडकीडीह एवं खपराडीह शामिल हैं।

### इससे पहले हाथ ठेला परियोजना से 91 परिवार हो चुका है लाभान्वित

अब तक सर्मथ हाथ ठेला परियोजना अंतर्गत 91 परिवारों को इस परियोजना से लाभान्वित किया जा चुका है। हाथ ठेला वितरण कार्यक्रम में ग्राम रावन की सरपंच माधुरी वर्मा तथा तिल्दाबांधा सरपंच प्रतिनिधि अनिल कुमार यादव की भागीदारी रही। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सीएसआर प्रमुख विनोद श्रीवास्तव एवं अधिकारी ज्योस्तना पति व सीएसआर टीम से सुरेन्द्र कुमार यादव, द्वारिका वर्मा, अरूणेन्द्र सिह की भागीदारी रही।

## लोगों को जागरूक करने अलग-अलग मुद्दों पर हुई गहन चर्चा

# साइबर अपराध रोकने हुई एक दिनी कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



जिला पुलिस ने मंगलवार को प्रातः 11 बजे से सायबर अपराध की रोकथाम एवं सायबर जागरूकता बढ़ाने के लिए साइबर वालेंटियर की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इस दौरान विगत दिनों साइबर पोर्टल के माध्यम से रजिस्ट्रेशन कर बनाए गए 60 वालिंटियर की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक द्वारा सायबर वालिंटियर्स के दायित्वों के बारे में चर्चा की गई। साइबर वालेंटियर, साइबर सुरक्षा में सहायता, साइबर हमलों की रोकथाम, साइबर अपराध की रिपोर्टिंग में जहां पुलिस की सहायता करेंगे, वहीं सामुदायिक सहायता के अंतर्गत साइबर सुरक्षा, शिक्षा, सामुदायिक कार्यक्रम में भी सहभागिता देंगे। उन्होंने कहा कि आप सभी आमजनों से सीधे जुड़े हुए हैं, इसलिए आप लोगों की जिम्मेदारी अब और अधिक बड़ी हो गई है। आप सभी को साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए कार्य करने के साथ-साथ, आमजनों को अधिक से अधिक साइबर अपराध के संबंध में जागरूक भी करना है।

कार्यशाला में वर्तमान परिदृश्य में बढ़ते सायबर अपराध के विभिन्न तरीकों जैसे क्रेडिट कार्ड फ्राड, बैंकिंग फ्राड, इनवेस्टमेंट फ्राड, क्रिप्टो करेंसी फ्राड, आईडेंटिटी फैक्ट, फेक प्रोफाइल, सोशल मीडिया फ्राड, ईमेल फ्राड, वेबसाईट क्लोनिंग, फोन फ्राड के संदर्भ में साइबर वालिंटियर के माध्यम से लोगों को जागरूक करने संबंधी मुद्दों पर गहन चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सुरक्षा के सुझाव जैसे मजबूत पासवर्ड उपयोग करने, अपनी जानकारी साझा नहीं करने, अनजान लिंक पर क्लिक नहीं करने, अपने डिवाइस और ब्राउजर को अद्यतन रखने तथा आनलाइन लेनदेन के समय सावधानी बरतने सुझाव दिया गया। इस दौरान एक दिवसीय कार्यशाला में एसडीओपी बलौदाबाजार, उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सीसीटीएनएस प्रभारी एवं टीम तथा जिले के सायबर वालिंटियर्स उपस्थित थे।

# आत्मानंद स्कूल में हुआ न्योता भोज व साइकिल वितरण





**सिमगा।** स्वामी आत्मानंद शासकीय माध्यमिक विद्यालय सिमगा में स्व. सरदार राजेंद्र सलूजा और स्व. सरदार मुकेश सलूजा की स्मृति में राजरानी सलूजा और विजय माया सलूजा द्वारा कक्षा पहली से लेकर 12वीं तक के समस्त छात्र-छात्राओं को न्योता भोज कराया गया। कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ, संकुल के समस्त प्रधान पाठक एवं स्टाफ, पालक, पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। इस अवसर पर शाला विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सोनी एवं सदस्यों द्वारा प्राचार्य आशीष कुमार शर्मा के संचालन में निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा नवमीं की छात्राओं को साइकिल वितरण की गई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीरज शर्मा, छोटे लाल यादव, विजय, माया सलूजा, नितेश रिंकू लाल, राकेश श्रीवास, योगेश ताम्रकार उपस्थित थे।

## निधन

### सुखमत बाई वर्मा



**मुण्डा।** ग्राम मुंडा निवासी सुखमत बाई वर्मा 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार अमलईहा तालाब में किया गया, जिसमें स्वजाति जन भारी संख्या में सम्मिलित हुए। वे भूखऊराम वर्मा की पत्नी व नारायण वर्मा, मंगल राम वर्मा, झगल वर्मा, कृष्णा वर्मा, दुकलहीन बाई वर्मा के माता की माता थीं।